गंभीर मरीज के लिए राहुल ने उपलब्ध कराई एसडीपी

■ नए सेवा भावी एसडीपी डोनर्स से टीम जीवनदाता का बढ़ रहा संबल, मरीज को समय रहते मिल रही है मदद

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा निरंतर एसडीपी डोनेशन के तहत सेवा का कार्य किया जा रहा है और इसी सेवा में नए एसडीपी डोनर्स जहां टीम को संबल प्रदान कर रहे हैं वहीं जरूरतमंद की समय रहते मदद भी हो रही हैं।

लायंस क्लब कोटवटेक्नोमके निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज अर्जुन लाल मटई को सेफ्टीसीमिया हो रहा था, ऐसे में चिकित्सकों ने बी पॉजिटिव एसडीपी डोनेशन के लिए परिजनों से कहा। उनके पुत्र ने मेडिकल स्टोर पर सामान्य चर्चा की तो उन्होंने टीम जीवनदाता से संपर्क के लिए कहा गया, उसके बाद भुवनेश गुप्ता ने उन्हें बी पॉजीटिव एसडीपी के लिए आश्वस्त किया और कई लोगों से संपर्क किया। सेवा के लिए तत्पर रहने वाले राहुल जैन को कॉल किया तो वे जॉब पर थे, किंतु शीघ्र ही तैयार हुए और उन्होंने अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचकर छठी बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व 7 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। भुवनेश गुप्ता का कहना है कि यदि नए एसडीपी डोनर्स सामने आते हैं तो उनकी टीम को नई उर्जा मिलती है। साथ ही मरीजों को भी समय रहते एसडीपी एवं ब्लड मिलता है, जो लोगों की जान बचाने में सहायक होता हैं।

अतिवृष्टि के कारण आमजन के नुकसान पर उचित मुआवजा दे सरकार

■ मुआवजा दिलवाने एवं अन्य मुद्दों को लेकर रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया को सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। अतिवृष्टि भारी वर्षा के चलते आमजन को नुकसान की भरपाई एवं उचित मुआवजा राशि दिलवाने एवं अन्य मुद्दे जैसे स्मार्ट मीटर, नगर निगम/पालिका के विकास कार्यो में भेदभाव, को लेकर गुरुवार को शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी कोटा के पदाधिकारियों की ओर से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्टर पीयूष समारिया को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पत्र में शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी सहित वरिष्ठ नेताओं ने मांग की भारी वर्षा के चलते अतिवृष्टि के कारण कोटा जिले में 3 लाख लोगों को भारी नुकसान हुआ है त्यागी ने कहा कि निमोदा हरिजी जैसे गांव में भारी वर्षा से लोगो के घर बिगड़ गए खेतों की फसले नष्ट हो गयी सरकार जो मुआवजा देने जा रही वह ऊंट के मुँह में जीरा जैसी बात है उन्होंने कहा कि इस भारी तबाही का सर्वे किया जाकर स्पेशल पैकेज राशी दी जाऐं, साथ ही पशुओं को हुई क्षति के लिए नियमानुसार पशुपालकों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाये और उन्होंने ज्ञापन पत्र में कहा कि नगर निगम/पालिका में विकास कार्यो में भेदभाव किया जा रहा है जहाँ जहाँ वार्डो में बीजेपी के पार्षद है उन वार्डो में करोड़ो के ठेके दिए जा रहे है जहाँ कांग्रेस का वार्ड है उनको विकास से वंचित रखा जा रहा है इसको बंद किया जाना चाहिऐं। त्यागी ने कहा कि स्मार्ट मीटर सरकार लगाने जा रही है इसको बंद करें गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले लोगो एवं मध्यम वर्गों को स्मार्टमिटर से अत्यधिक बिल आ जाता है आमजन को इस भारी बिलों को जमा कराने में असमर्थ है सरकार बिजली कंपनी से साठगांठ कर जनता को लूटना चाहती हैं हम ऐसा होने नही देंगे स्मार्ट मीटर लगेगा तो इसके विरोध का सामना करना पड़ेंगा कांग्रेस स्मार्ट मीटर को लगने नही देंगी। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से रामगंजमंडी विधानसभा प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह राजौरिया, पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, जिला देहात सं महामंत्री मनीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर सुवालका, जिला महासचिव डॉ विजय सोनी, रफीक, सुलेमान बादशाह, धर्मा गौचर, राजकुमार बोयत, आसिफ मिर्जा आदि मौजूद थे।

गुंजल के प्रदर्शन के बाद भाजपा के लोग भी सकते में

कोटा, (निसं)। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद पहली बार जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बड़ा प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। शहर की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों का हुजूम उमड़ना नजर आया। देखने वालों ने यही कहा कि बहुत दिनों बाद इतना बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला है। इतना बड़ा प्रदर्शन करके प्रहलाद गुंजल ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखा दी है। प्रहलाद गुंजल को भीड़ जुटाऊ नेता माना जाता है। पूर्व में भी भाजपा के बैनर तले ऐसे कई बड़े प्रदर्शन कर चुके हैं। यह प्रदर्शन प्रहलाद गुंजल ने भले ही जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किया हो लेकिन हकीकत यह है कि यह पूरी भीड़ प्रहलाद गुंजल ने अपने दम पर जुटाई है। इस प्रदर्शन से गुंजन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह केवल भाजपा के बैनर से ही नहीं भीड़ जुटा पाते। उनकी अपने क्षेत्र में खुद की पकड़ है और वह अभी भी भीड़ जुटाने वाले नेताओं में अव्वल हैं। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के अलावा हिंडोली, देवली और सवाईमाधोपुर तक के लोगों ने इस प्रदर्शन में शामिल होकर प्रहलाद गुंजल के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। बड़ी तादाद में कोटा शहर से भी लोगों ने भाग लिया। इस प्रदर्शन के बाद यह संशय खत्म हो गया है कि प्रहलाद गुंजल केवल भाजपा के बैनर तले ही भारी भीड़ जुटा सकते हैं। ये बात अलग है कि पूर्व मंत्री शांति धारीवाल की गैर मौजूदगी कोटा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय रही। बताया जा रहा है कि विधानसभा सत्र होने के चलते पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल इस प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पाए हैं। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यशैली को लेकर कड़ा विरोध जताया। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है और पहली बार इतना आक्रोश देखने को मिल रहा है।

डोटासरा ने आरोप लगाया कि हाल की भीषण बाढ़ से हजारों लोग बेघर हो गए हैं और किसान पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। ''किसान से राम रुठ गया, राज से उम्मीद थी, लेकिन राजस्थान की सरकार भी निकम्मी साबित हुई है. किसी मंत्री में हिम्मत नहीं कि वह कलेक्टर से फोन पर बात कर मदद की मांग करें। कई दिनों तक लोग अपने जलमग्न आशियानों में परेशान रहे लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दौरा करने भी नहीं गए। डोटासरा ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह बीजेपी की भाषा बोलते हैं। डोटासरा ने कहा ''भारती भवन की पर्ची पर चर्चा कराते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारे पर काम कर रहे हैं। प्रतिपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं दिया जाता।

प्रतियोगी भावना को जीवित रखें : रामेश्वर मीणा

■ उत्साह पूर्वक भाग लिया बूंदी जिले की कला प्रतिभाओं ने

बूंदी। राज्य सरकार के मंशा अनुरूप युवाओं को आगे लाने व उनकी प्रतिभाओं को निकालने के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन शगुन रिजॉर्ट में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने मां सरस्वती पर दीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ की । इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती सुनीता कटारा ,राजेश मीणा ,राजेश चतुर्वेदी ,सुनील कुमावत व जेपी त्रिपाठी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। युवा प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने बच्चों से कहा कि युवाओं के अंदर या अपने जीवन में प्रतियोगी भावनाएं हमेशा जीवित रहे । इसमें ईर्ष्या व द्वेष का कोई स्थान नहीं है ।उन्होंने कहा यहां पर जो पुरस्कार प्राप्त नहीं कर पाए वह यह ना समझे कि हमने हम असफल हो गए बल्कि उनको और मेहनत की आवश्यकता है। जिला स्तरीय कला उत्सव में गायन वादन ,मूर्ति कला ,समुह नृत्य, समूह गायन कहानी व नाटक आदि विधाओं में बूंदी जिले के लगभग 150 प्रतिभाओं ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के जज मांड गायिका उषा शर्मा , राउमावि रडी की प्रधानाचार्य डॉ विधि बागमार तथा कॉलेज के व्याख्याता कमल त्रिवेदी रहे। साथ ही चित्रकला, मूर्ति कला के निर्णायक व्याख्याता सुनील कुमार शर्मा, वेणी शंकर साहू व राउमावि भीया की प्रधानाचार्य चित्रा शर्मा रही।

अंत में सभी विजेता कलाकारों को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज, सहायक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धनराज मीणा ,सहायक परियोजना निदेशक समसा दिलीप गुर्जर ने पुरस्कार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज ने बच्चों से कहा यह अंतिम प्रतियोगिता नहीं है जीवन ही एक प्रतियोगिता है जब आप राज्य स्तर पर जाएंगे तो वहां पर भी अपने से श्रेष्ठ कलाकारों को देखने का मौका मिलेगा। उनसे भी सीखें और अपने को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयास करें ।

शहरी सेवा शिविर 15 सितम्बर से

■ अभियान के अन्तर्गत निम्न कार्य किये जाने हैं

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में 15-09-2025 से दिनांक 02-10-2025 तक शुरू होने वाले "शहर चलो अभियान-2025" के क्रम मे स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर आदेश की पालना में शहरी नागरिकों की कठिनाईयों के निवारण तथा नागरिको को विभिन्न सेवाएं प्रदत्त करने व जनससमया समाधान हेतु शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत 15.09.2025 से 02.10.2025 तक मुख्यालय स्तर पर दिनांक एवं वार्ड अनुसार प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत निम्न कार्य किये जाने हैं।

साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, आवारा पशुओं को पकड़ना, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न राजकीय जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृती जारी करना।

मंदिर धतुरिया में चोरी

अंता । अंता थानांतर्गत गत कई दिनों से होरही चोरी की घटनाओं में बीती रात बालाखेडा पंचायत के धतूरिया गांव में एक ही रात में दो मंदिरों में हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। तथा घटना स्थल पर अंता पुलिस ने पहुंच कर मामला दर्ज कर जांच का आश्वासन देकर मामले को ठंडा किया।

हादसे में महिला की मौत

बूंदी। जिले में सडक हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को बूंदी रेलवे ब्रिज के पास हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेल से भरे टैंकर ने एक मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उस पर सवार मां, बेटा और पौत्र सड़क पर जा गिरे। हादसे में मां घिसी बाई तालेडा गुमानपुरा निवासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पौत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला का पुत्र, जो मोटरसाइकिल चला रहा था, वह बाल-बाल बच गया।

सदर थाना प्रभारी रमेश आर्य ने बताया कि बुधवार रात गुमानपुरा निवासी बैरागी परिवार की घिसी बाई अपने बेटे और पोते के साथ बूंदी से गांव लौट रही थी। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल बूंदी रेलवे ब्रिज के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार तेल टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक से तीनों उछल कर सड़क पर गिर पड़े। लोगों ने जब तक उन्हें संभाला, तब तक घिसी बाई गंभीर रूप से घायल हो चुकी थीं। सदर थाना अधिकारी रमेश आर्य तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों के साथ घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने घिसी बाई को मृत घोषित कर दिया। उनका पौत्र गंभीर स्थिति में भर्ती है और इलाज जारी है। बाइक चला रहे पुत्र को हल्की चोटें आई हैं। थाना प्रभारी रमेश आर्य ने बताया कि घटना के बाद तेल से भरे टैंकर को जब्त कर लिया गया है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और टैंकर चालक की लापरवाही की पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी । घटना के बाद मृतका घिसी बाई के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिश्तेदार और ग्रामीण बडी संख्या में जिला अस्पताल पहुंचे और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम रुम में रखवाया है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

आत्महत्या रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान

कोटा, (निसं)। वर्ल्ड सुसाईड प्रिवेंशन डे के अवसर पर एमपावर फाउंडेशन ने कोटा में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए देशभर के युवाओं के केंद्र कोटा मे बढ़ते शैक्षणिक दबाव और 2024 में दर्जनों आत्महत्या की घटनाओं ने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत उजागर की है।एमपावर फाउंडेशन ने ओम कोठारी कॉलेज में डिज़ाईन जेंगा गेम, द होप हंट ट्रेज़र हंट और ओपन माईक सत्र जैसे कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन आयोजनों के माध्यम से युवाओं को संवाद एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को साझा करने और तनाव से राहत पाने का अवसर मिला। एमपॉवर ने मेबलीन इंडिया के साथ मिलकर कोटा सिटी पार्क में "ब्रेवबॉक्स" फ्री काउंसलिंग कैंप लगाया गया, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया। एमपावर की प्रेसिडेंट परवीन शेख ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि युवाओं को सुरक्षित भविष्य मिल सके। एमपावर की 24 घंटे सक्रिय हेल्पलाईन अब कोटा सहित देशभर में युवाओं के लिए उपलब्ध है। जो गोपनीय और निशुल्क सहायता प्रदान करती है। जागरूकता अभियान से युवा पीढ़ी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाकर एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कोटा रेलकर्मी को मिला सम्मान

कोटा, (निसं)। रेलवे कर्मचारी केवल प्रशासनिक कार्यों में ही नहीं, बल्कि साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

इसी कड़ी में कोटा रेलवे स्टेशन पर उप मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत दीपक शर्मा को नगर की प्रमुख संस्था भारतेन्दु समिति ने सम्मानित किया है। संस्था ने उन्हें देश के पंद्रह चयनित साहित्यकारों में शामिल कर भारतेन्दु हरिश्चंद्र जी की 175वीं जयंती पर शॉल, मुक्ताहार, स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया। शर्मा का काव्य संग्रह "निर्झर" पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विमोचित हो चुका है, जिसमें उनकी 64 मौलिक कविताओं का संकलन है। उनकी रचनाएं "चंबल वाणी" स्मारिका में लगातार प्रकाशित होती रही हैं और उन्हें राजभाषा विभाग से भी पुरस्कृत किया जा चुका है।